### 1. लीलावती अवार्ड 2020: महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए AICTE का नवोन्मेषी शिक्षा कार्यक्रम

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने लीलावती अवार्ड-2020 की शुरुआत की। यह AICTE की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नवोन्मेषी शिक्षा कार्यक्रम पहल है।
- महिलाओं के सशक्तिकरण के मुख्य लक्ष्य के साथ इस पुरस्कार का उद्देश्य महिलाओं में साफ-सफाई, शारीरिक स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, साक्षरता, रोजगार, प्रौद्योगिकी, धन संचय, मार्केटिंग, नवोन्मेष, कुशलता विकास, प्राकृतिक संसाधन और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता लाना है।
- **नोट:** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने बालिकाओं और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, CBSE उड़ान योजना और इसी तरह की कई अन्य कल्याण योजनाएं शुरू की हैं।

### 2. कोलकाता में विश्व की पहली बच्चों के लिए लाइब्रेरी ऑन व्हील्स की शुरुआत

- पश्चिम बंगाल परिवहन निगम (WBTC) ने एपीजे आनंद चिल्ड्रन्स लाइब्रेरी के सहयोग से "बच्चों के लिए विश्व की पहली ट्राम लाइब्रेरी" शुरू की।
- यह पहल जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि के रूप में थी, जिनकी जयंती 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है।
- ट्राम उत्तर और दक्षिण कोलकाता में फैले श्यामबाजार-एस्प्लेनेड और एस्प्लेनेड-गरियाहाट मार्गों पर चलेगी। ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर की ओर से बच्चों के लिए पुस्तकों की व्यवस्था की गई है।

### 3. प्रधानमंत्री मोदी का तीसरे वार्षिक ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में संबोधन

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 नवंबर 2020 को तीसरे वार्षिक ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को संबोधित किया। कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर फोरम की बैठक में अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उपाय करने और भविष्य के लिए रणनीति तैयार करने के लिए विचार-विमर्श पर केन्द्रित था।

- **नोट: ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम** की स्थापना श्री मिशेल ब्लूमबर्ग ने वर्ष 2018 में की थी। यह फोरम विश्व अर्थव्यवस्था के ऐतिहासिक अंतरण के समय उसके सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों के लिए कार्रवाई योग्य समाधान सुझाने के वास्ते वैश्विक समुदाय के नेताओं को विचार-विमर्श के लिए मंच उपलब्ध कराता है।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- फोरम की पहली उद्घाटन बैठक सिंगापुर में और दूसरी वार्षिक बैठक बीजिंग में हुई थी। इनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रबंधन, व्यापार एवं निवेश, प्रौद्योगिकी, पूंजी बाजार, शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और समन्वय जैसे विषयों पर बातचीत हुई।

**4. अरब सागर में मालाबार नौसैनिक अभ्यास के दूसरे चरण की शुरुआत**

- भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाओं ने 17 नवंबर को उत्तरी अरब सागर में मालाबार नौसैनिक अभ्यास के दूसरे चरण की शुरुआत की जिसमें दो विमान वाहक और कई अग्रिम युद्धपोत, पनडुब्बी और समुद्री टोही विमान शामिल थे।
- चार दिवसीय अभ्यास का प्रमुख आकर्षण भारतीय नौसेना के विक्रमादित्य वाहक युद्ध समूह और अमेरिकी नौसेना के निमित्ज स्ट्राइक समूह की भागीदारी है। USS निमित्ज दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है।
- **नोट:** मालाबार अभ्यास का पहला चरण 3 से 6 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में हुआ था।
- मालाबार अभ्यास 1992 में हिंद महासागर में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। 2015 में जापान अभ्यास का एक स्थायी सदस्य बन गया। 2020 संस्करण में, ऑस्ट्रेलियाई नौसेना ने भी भाग लिया।

**5. क्रिस गोपालकृष्णन रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) के पहले अध्यक्ष नियुक्त**

- रिज़र्व बैंक ने सेनापति (कृष) गोपालकृष्णन, सह-संस्थापक और पूर्व सह-अध्यक्ष, इंफोसिस को RBIH का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- गोपालकृष्णन वर्तमान में स्टार्ट-अप विलेज के मुख्य मेंटर हैं, जो स्टार्ट-अप के लिए एक इन्क्यूबेशन केंद्र हैं।
- **नोट:** अगस्त 2020 में, RBI ने घोषणा की थी कि वह वित्तीय क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब की स्थापना करेगा, जिससे प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा सके और ऐसा वातावरण तैयार किया जा सके जिससे नवाचार को बढ़ावा मिले।
- RBIH एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाएगा जो वित्तीय सेवाओं और उत्पादों तक पहुंच को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा और यह वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देगा।

**6. एफ 1 तुर्की ग्रां प्री 2020**

- ब्रिटिश **लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज)** ने इस्तांबुल पार्क में, तुर्की ग्रां प्री 2020 जीता।
- सर्जियो पेरेज (रेसिंग प्वाइंट) को दूसरा और सेबेस्टियन वेट्टेल (फेरारी) को तीसरा स्थान मिला।

**7. बराक ओबामा द्वारा संस्मरण 'ए प्रॉमिस्ड लैंड'**

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- इसे 17 नवंबर, 2020 को प्रकाशित किया गया। यह दो नियोजित संस्करणों में से पहला है जिसे ओबामा ने 2009 से 2017 तक संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के बाद लिखा है।
- **नोट:** बराक ओबामा संयुक्त राज्य अमेरिका के 44 वें राष्ट्रपति थे, जिन्हें नवंबर 2008 में चुना गया था और दो कार्यकाल के लिए पद धारण किया था। वह 2009 के नोबेल शांति पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं।

## 8. 19 नवंबर, विश्व शौचालय दिवस

- इस वर्ष का विषय "सतत स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन" के महत्व पर है।
- विश्व शौचालय दिवस शौचालय का जश्न मनाता है और सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता तक पहुंच के बिना रहने वाले 4.2 बिलियन लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। यह वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने और सतत विकास लक्ष्य 6: 2030 तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई करने के बारे में है।
- **नोट:** 24 जुलाई, 2013 को "स्वच्छता के लिए सभी" शीर्षक वाले दिवस को घोषित किया गया था, और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों और संबंधित हितधारकों से व्यवहार परिवर्तन के लिए नीतियों के कार्यान्वयन और गरीबों के बीच स्वच्छता तक पहुंच बढ़ाने के लिए नीतियों के कार्यान्वयन का आग्रह किया, खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करना, जिसे उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक माना।
- **भारत में,** पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय (DDWS) 'स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (SBMG)' के तहत 'विश्व शौचालय दिवस' मनाएगा।

## 9. मृदुला सिन्हा, गोवा की पहली महिला गवर्नर का 77 की आयु में निधन

- गोवा की पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता मृदुला सिन्हा का निधन। सिन्हा एक प्रसिद्ध हिंदी लेखक, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड (CSWB), मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पूर्व अध्यक्ष भी थी।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests